दिन–रविवार   दिनांक– 01 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 04:00 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने अंकित बैयानपुरिया से बातचीत की और शारीर को स्वस्थ्य बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सफाई अभियान के दौरान श्री बैयानपुरिया के साथ हुई बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इधर, स्वच्छता के लिए एक तारीख, एक घंटा एक साथ के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज देश भर में लोगों ने भागीदारी की। श्री मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह 10 बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। पिछले मन की बात कार्यक्रम में भी, प्रधानमंत्री ने आज के स्वच्छता अभियान में भागीदारी के लिए लोगों से समय निकालने की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री भूपेन्दर यादव, धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जीतेंद्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मीनाक्षी लेखी और राजीव चंद्रशेखर और अन्य नेताओं ने भी इसमें भागीदारी की।

इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान हुआ। लगभग एक लाख आवासीय इलाकों में आवासीय कल्याण समितियों ने श्रमदान में भागीदारी की। लगभग एक लाख आवासीय क्षेत्रों में श्रमदान के लिए संघ भी आगे आए। इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, केंद्रीय जांच ब्यूरो और अन्य विभागों के कर्मियों ने भी आम लोगों के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

इधर, प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई स्थानों पर श्रमदान का आयोजन किया गया। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने पटना के राजेन्द्र स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे। इधर, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय और एयरपोर्ट के पास **स्वच्छता ही सेवा** अभियान में हिस्सा लिया। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने बक्सर के रामरेखा घाट पर सफाई की। सभी सरकारी कार्यलयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आकाशवाणी पटना में केन्द्राध्यक्ष वेद प्रकाश के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर की साफ–सफाई की। वहीं, केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के अपर महानिदेशक एस के मालवीय के नेतृत्व में कर्मियों ने राजीव नगर क्षेत्र में साफ–सफाई की।

———————————————————————————

राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम तीन अक्टूबर को घोषित किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होने से अभ्यर्थियों को लाभ होगा। ये परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक आयोजित की गयी थी। बोर्ड ने एसटीईटी परीक्षा अब वर्ष में दो बार आयोजित किये जाने की भी घोषणा की है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा की इस परीक्षा के दो बार आयोजन से अभ्यर्थियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

———————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा सात अक्तूबर तक बढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में बताया कि नोट बदलने की प्रक्रिया कल समाप्त हो गयी थी और एक समीक्षा के आधार पर दो हजार रूपये के नोट जमा करने या बदलने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्तूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

———————————————————————————

देश के पुराने विश्वविद्यालय में शामिल प्रतिष्ठित पटना विश्वविद्यालय का एक सौ सातवां स्थापना दिवस आज समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कुलपति प्रोफेर गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि अगले दो वर्षों में विश्वविद्यालय अपना खोया हुआ गौरव प्राप्त कर लेगा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को रिसर्च के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

———————————————————————————

बुजुर्गों को आदर और सम्मान देने के संकल्प के साथ आज अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि हम सब का कर्तव्य है कि बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जाए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिवेश में वृद्धजनों को अकेला छोड़ा जाना और उनकी उपेक्षा गम्भीर चिंता का विषय है।

———————————————————————————

चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जिले में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।